दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, सोमवार 11 नवम्बर 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 44

## महत्वपूर्ण एवं खास

### राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने लोगों को दी मिलाद-उन-नबी की बधाई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पैगंबर मुहम्मद के जन्मदिन मिलाद-उन-नबी के अवसर पर लोगों को बधाई दी। राष्ट्रपति ने शुभकामनाएं देते हुए ट्विटर पर लिखा, पैगंबर मुहम्मद (स.) के जन्मदिन, मिलाद-उन-नबी के मुबारक मौके पर, मैं सभी देशवासियों, विशेष रूप से अपने मुस्लिम भाई-बहनों को शुभकामनाएं देता हूं। आइए, हम सब उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आपसी भाईचारे और रहमदिली के साथ सभी की खुशहाली के लिए कार्य करें। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, मिलाद-उन-नबी की बधाई। पैगंबर मुहम्मद के विचारों से प्रेरित होकर, यह दिन समाज में सद्भाव और करुणा की भावना का प्रसार करे। चारों ओर शांति हो।

### कार-ऑटो की टक्कर में 7 लोगों की मौत

**बेतिया (आरएनएस)।** बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के मझौलिया थाना क्षेत्र में एक कार और ऑटो की टक्कर में ऑटो पर सवार सात लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य एक घायल हो गए। मृतकों में तीन महिलाएं शामिल हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनसुार , पूर्वी चंपारण जिले के हरसिद्धि थाना क्षेत्र के जोगिया गांव के रहने वाले गणेश मांझी अपने ऑटो से परिवार के अन्य सदस्यों सहित बेतिया आ रहे थे। इसी दौरान बेतिया-मोतिहारी पथ पर जौकटिया के समीप विपरीत दिशा से आ रही एक कार ने ऑटो को टक्कर मार दी। मझौलिया के थाना प्रभारी केएन गुप्ता ने बताया कि इस दुर्घटना में घटनास्थल पर ही पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए बेतिया के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के क्रम में दो और व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि घटना में घायल अन्य एक की हालत भी गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद कार का चालक फरार हो गया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। बेतिया एसडीपीओ पंकज राउत ने बताया कि मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए का मुवावजा दिया जाएगा।

### आंध्र प्रदेश में 2 रुपये को लेकर शख्स की हत्या

**अमरावती (आरएनएस)।** आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में दो रुपये को लेकर हुई बहस में एक व्यक्ति की हत्या हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना काकीनाडा ग्रामीण ब्लॉक के वलासपकला गांव में शनिवार देर हुई। पुलिस के अनुसार, सुवर्णाराजू (24) एक साइकिल की दुकान पर अपने साइकिल के टायर में हवा भराने गया था। उसके पास दो रुपये नहीं थे, इसे लेकर उसकी दुकान के मालिक सांबा से बहस हुई। सुवर्णाराजू मजदूरी करता है। सांबा के उसे गाली दिए जाने पर उसने कथित तौर पर उससे मारपीट की। इससे नाराज होकर सांबा के दोस्त अप्पा राव ने एक लोहे की रॉड उठाई और स्वर्णाराजू के सिर पर मार दी। स्थानीय लोगों ने स्वर्णाराजू को काकीनाडा के सरकारी अस्पताल में ले गए, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने सांबा व अप्पा राव पर हत्या का एक मामला दर्ज किया है। पुलिस ने सांबा को गिरफ्तार कर लिया, जबकि मुख्य आरोपी फरार है।

### तेनुघाट डैम में डूबने से दो नाबालिग की मौत

**बोकारो (आरएनएस)।** झारखंड में बोकारो जिले के पेटरवार थाना क्षेत्र के तेनुघाट डैम में डूबने से आज दो बच्चों की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बोकारो निवासी 14 वर्षीय रोहित राज और रवि राज अपने एक अन्य मित्र के साथ तेनुघाट डैम भ्रमण के लिए गया था। इसी दौरान सभी डैम में स्नान करने लगे। स्नान के क्रम में डैम में डूबने से रोहित और रवि की मौत हो गयी। सूत्रों ने यहां बताया कि स्थानीय गोताखोरों की मदद से रोहित का शव बरामद कर लिया गया है जबकि रवि के शव की खोजबीन की जा रही है।

# चक्रवाती तुफान बुलबुल ने बंगाल में मचाई तबाही

## » 2 लोगों की मौत, कोलकाता हवाई अड्डा 12 घंटे के लिए बंद



**कोलकाता (आरएनएस)।** चक्रवाती तूफान बुलबुल ने पश्चिम बंगाल के सागर आइलैंड और बांग्लादेश के खेपुपारा इलाके में दस्तक दी। इससे कई जगह भूस्खलन की खबर है जिससे सुंदरबन डेल्टा पर उत्तर-पूर्व में बांग्लादेश को नुकसान पहुंचा। हालांकि दक्षिण परगना और कोलकाता में बारिश रुक गई है लेकिन तेज हवाओं से खतरा बना हुआ है। इन इलाकों में 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। तेज हवाओं की चपेट में आने से अब तक 2 लोगों की मौत हो चुकी है।

वहीं कोलकाता हवाई अड्डे को अगले 12 घंटे के लिए बंद कर दिया गया है। इस चक्रवाती तूफान को बहुत खतरनाक माना जा रहा है। इससे पहले ही राज्य में भारी बारिश और तेज हवाओं का सिलसिला शुरू हो गया है। दक्षिण 24 परगना में सुबह से ही तेज हवाएं चल रही हैं।मौसम विभाग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार रविवार रात 00.30 बजे बुलबुल तूफान का दबाव, सुंदरबन नेशनल पार्क से 30 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम की ओर राज्य के तटीय इलाकों के ऊपर है। माना जा रहा है कि रविवार सुबह तक यह तूफान दक्षिण 24 परगना जिले के आगे बांग्लादेश के उत्तर पूर्व में मुड़ जाएगा। यहां तूफान कमजोर पड़ सकता है। रविवार रात 12 बजे के बाद तूफान के कट से टकराने की प्रक्रिया शुरू हुई, जिसके उत्तर पूर्वी क्षेत्र की ओर बढ़ने की बहुत संभावना है।

तूफान शनिवार की रात 11 बजे के बाद प. बंगाल के सागर द्वीप और पड़ोसी देश बांग्लादेश के खेपूपारा से टकराने की संभावना है। इन सबके बीच राज्य की सीएम ममता बनर्जी कंट्रोल रूम पहुंचीं जहां से हालात पर नजर रखी जा रही है।

## प्रधानमंत्री ने लेकर ममता बनर्जी से बातचीत की



पश्चिम बंगाल के तटीय इलाकों में चक्रवाती तूफान बुलबुल द्वारा तबाही मचाने के एक दिन बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से फोन पर बात कर स्थिति का जायजा लिया। मोदी ने टेलीफोन पर बातचीत के जरिए ममता बनर्जी को केंद्र की ओर से हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया। उन्होंने ट्वीट किया, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बुलबुल चक्रवाती तूफान के सिलसिले में बातचीत हुई। मैं सभी की सुरक्षा और कुशलता की प्रार्थना करता हूं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने चक्रवाती तूफान के कारण भारी बारिश से फसल और संपत्ति को हुए भारी नुकसान का सामना कर रहे पूर्वी भारत की स्थिति की भी समीक्षा की। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बताया कि तटीय क्षेत्र में किसी तरह के जान-माल की हानि की सूचना नहीं मिली है। चक्रवात का प्रमुख हिस्सा बंगाल से पार हो चुका है। वहीं उन्होंने परिस्थिति के सामान्य होने तक लोगों से घर के बाहर नहीं निकलने की अपील की है।

# भारी बर्फबारी से जनजीवन प्रभावित, सेब के बागों को नुकसान



**श्रीनगर (आरएनएस)।** कश्मीर में दूसरे दिन भी भारी बर्फबारी से जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। पिछले 36 घंटे से स्थिति में कोई सुधार नहीं है जिससे यहां सेब के पेड़ों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। बर्फबारी के चलते गुरुवार से ट्रांसपोर्ट और टेलीफोन सेवाओं के ठप रहने से घाटी का संपर्क देश के बाकी हिस्से से टूट गया।श्रीनगर-जम्मू और श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर यातायात बाधित है और इसके साथ ही कल श्रीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे से सभी उड़ानों को रद्द कर दिया गया है।

आखिरी रिपोर्ट के मुताबिक, श्रीनगर हवाईअड्डे से उड़ान संचालन को बहाल किया जाना बाकी था। यातायात विभाग के अधिकारियों ने कहा कि श्रीनगर-जम्मू राजमार्ग शुक्रवार को बंद रहेगा, क्योंकि यहां बर्फ की सफाई का काम चल रहा है। बारामूला, कुपवाड़ा, शोपियां, कुलगाम, पुलवामा और अनंतनाग जिलों से आई खबरों के मुताबिक, इन जिलों में सेब के पत्तेदार पेड़ बड़े पैमाने पर क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

शोपियां जिले की ऊंची पहाड़ियों में, सेब के पेड़ों को और भी ज्यादा नुकसान पहुंचा है, क्योंकि गुरुवार को जब बर्फबारी हुई, उस वक्त पेड़ों पर फल लदे हुए थे। अधिकारियों ने इस बात को स्वीकार किया है कि पिछले दो दिनों में हुई बर्फबारी से घाटी में स्थित अधिकतर सेब के बगीचों को नुकसान पहुंचा है।

# श्रीलंकाई नौसेना ने तीन भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार



**पुडुकोट्टाई (आरएनएस)।** श्रीलंकाई नौसेना ने अपनी समुद्री सीमा में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में तीन भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और उनकी नाव भी कब्जे में ले ली है।

श्रीलंका नौसेना ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर रविवार को बताया कि उत्तरी नौसैनिक कमान ने कोविलन प्वाइंट के उत्तर पश्चिम में नियमित गश्त के दौरान शनिवार को तीन मछुआरों को गिरफ्तार किया। उन्हें उथ्थारा स्थित श्रीलंका नौसैनिक स्टेशन और नाव को एसएलएनएस एलारा नौसैनिक अड्डा ले जाया गया है। गिरफ्तार मछुआरों को आगे की कार्रवाई के लिए मेडिकल जांच के बाद जाफना के सहायक मत्स्यिकी निदेशक को सौंप दिया जायेगा।

इस बीच तमिलनाडु के मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ये मछुआरे पुडुकोट्टाई जिले के निवासी थी। यह इस माह श्रीलंका में भारतीय मछुआरों की गिरफ्तारी का दूसरा मामला है। इससे पहले दो नवंबर को पुडुकोट्टाई के 10 मछुआरों को गिरफ्तार किया गया था और उनकी दो नौकाएं भी पकड़ ली गयी थी।

# अयोध्या फैसले के बाद अब ट्रस्ट का इंतजार

## » सोमनाथ मंदिर की तर्ज पर हो सकता है गठन



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अयोध्या में राम मंदिर के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट की ओर से फैसला देने के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सूत्रों का कहना है कि अगले साल 2020 से निर्माण शुरू हो जाएगा। इसके लिए शुभ घड़ी देखी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार अब सरकार को 3 महीने के भीतर ही राम मंदिर निर्माण के लिए ट्रस्ट बनाना होगा।सूत्रों की मानें तो यह संभव है कि गुजरात के सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट की तर्ज पर ही अयोध्या का राम मंदिर ट्रस्ट बनाया जाए। हालांकि यह संभव है कि सरकार एक हफ्ते में ही ट्रस्ट का गठन कर दे। सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट में केवल 6 सदस्य हैं मगर सरकार अयोध्या मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों की संख्या और ज्यादा कर सकती है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रस्ट के सदस्य के चयन और मंजूरी में प्रधानमंत्री की भूमिका भी अहम हो सकती है। ट्रस्ट में जहां राम जन्मभूमि न्यास, निर्मोही अखाड़ा के अलावा कुछ बड़े धर्मगुरु शामिल किए जा सकते हैं, वहीं दूसरी ओर समाज के कुछ वरिष्ठ नागरिक, राम मंदिर से जुड़े संगठनों को भी इसमें जोड़ा जा सकता है।

यही नहीं ट्रस्ट का काम तेज गति से हो और कार्यशैली कुशल रखने के लिए केंद्र और राज्य सरकार के नुमाइंदे भी इसमें शामिल हो सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी खुद राम मंदिर से जुड़ी प्रगति पर नजर रख पाएं, इसके लिए प्रधानमंत्री कार्यालय से भी किसी को सदस्य बनाया जा सकता है। हालांकि ट्रस्ट बनाने के लिए यह जरूरी है कि उसका कार्यक्षेत्र तय किया जाए और उसके हर सदस्य की जिम्मेदारी भी तय हो।

# शिवसेना के साथ सरकार बनाने को कांग्रेस विधायक तैयार, सोनिया गांधी की हरी झंडी का इंतजार



**जयपुर (आरएनएस)।** महाराष्ट्र की राजनीति नया करवट लेती दिख रही है। कांग्रेस के विधायकों ने संकेत दिए हैं कि वे शिवसेना के साथ सरकार बनाने के लिए तैयारर हैं। बता दें कि कांग्रेस के विधायक इस वक्त राजस्थान की राजधानी जयपुर के एक होटल में ठहरे हैं। रविवार को इन विधायकों के साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने बात की। इस दौरान कांग्रेस के 40 विधायक मौजूद थे। इस दौरान ये सामने आया है कि कांग्रेस विधायक शिवसेना के साथ मिलकर महाराष्ट्र में सरकार बनाने के इच्छुक हैं।

सूत्रों के मुताबिक, अब मल्लिकार्जुन खड़गे इस मुद्दे पर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से बात करेंगे। सोनिया इस पर क्या फैसला लेती हैं, इसी के आधार पर महाराष्ट्र की सियासत का खाका तैयार होगा। अगर सोनिया गांधी शिवसेना के साथ सरकार बनाने के लिए तैयार हो जाती हैं तो यह एक नए राजनीतिक अध्याय की शुरुआत होगी।

यह भी पता चला है कि कांग्रेस नई सरकार को बाहर से समर्थन नहीं देना चाहती बल्कि सरकार में शामिल होना चाहती है। कांग्रेस विधायकों से मुलाकात के दौरान राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत भी मौजूद रहे। इसके अलावा महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष बाल थोराट भी वहां मौजूद थे।

विधायकों से बात करने के बाद मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि वे विधायकों की मंशा सोनिया को बताएंगे।

### बस पलटने से आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल

**सतना (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के सतना जिले के नागौद थाना क्षेत्र में आज एक बस के पलटने से आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सतना से श्यामनगर जा रही एक निजी यात्री बस ग्राम कुलगढ़ी के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में घायल हुए आधा दर्जन से अधिक यात्रियों को नागौद के शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# भारत में जैश कर सकता है आतंकी हमला

## » सरकार को कई एजेंसियों ने दी चेतावनी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पिछले 10 दिनों से जहां राज्य सरकारों से कहा गया है कि वह उच्चतम न्यायालय के अयोध्या भूमि विवाद को लेकर सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम करें। वहीं डार्क वेब से पाकिस्तान में स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के संभावित आतंकी हमलों के संदेश मिल रहे हैं।

कई खुफिया एजेंसियों ने सरकार को चेतावनी दी है कि जैश कई आतंकी हमलों को अंजाम दे सकता है। यह जानकारी एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी। मिलिट्री इंटेलिजेंस, द रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) और इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) ने सरकार को संभावित आतंकी हमलों को लेकर चेताया है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह खतरे की गंभीरता को दिखाता है। उन्होंने कहा कि इनमें से प्रत्येक एजेंसी व्यक्तिगत रूप से एक ही निष्कर्ष पर पहुंची है। अयोध्या पर शीर्ष अदालत का फैसला आ चुका है जिससे पाकिस्तान के आतंकी समूहों द्वारा आतंकी हमलों की संभावना बहुत ज्यादा है।

# अयोध्या मामला पर डोभाल के आवास पर हुई बैठक

## » बाबा रामदेव, कल्बे जवाद समेत कई धर्मगुरु शामिल



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अयोध्या पर आए उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद रविवार को दिल्ली में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल के आवास पर शांति व्यवस्था को लेकर बाबा रामदेव, स्वामी परमात्मानंद, स्वामी अवधेशानंद, शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद और अन्य धर्मगुरुओं की बैठक हुई।

सूत्रों के अनुसार शनिवार को भी अजीत डोभाल ने अवधेशानंद गिरि, स्वामी परमात्मानंद और बाबा रामदेव से उनके आवास पर मुलाकात की थी जो लगभग एक घंटे तक चली। डोभाल से मुलाकात के बाद अवधेशानंद गिरि ने कहा कि उन्होंने फैसले के बाद की स्थिति पर चर्चा की है। परमात्मानंद ने कहा, हम देश में शांति बनाए रखने की आवश्यकता पर चर्चा करने के लिए डोभाल से मिले। हम इसके लिए काम जारी रखेंगे। गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार सुबह ही राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, खुफिया विभाग के प्रमुखों और मंत्रालय के उच्च अधिकारियों के साथ सुरक्षा समीक्षा बैठक की। फैसला आने के बाद गृहमंत्री ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से एक-एक कर फोन पर बात कर हालात की जानकारी ली। एनएसए डोभाल से मुलाकात के बाद धार्मिक नेताओं ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि इस बातचीत ने सभी समुदायों के बीच भाईचारा और मेलजोल की भावना को बरकरार रखने की दिशा में शीर्ष धार्मिक नेताओं के बीच कम्युनिकेशन मजबूत करने में मदद की है।

# पाकिस्तान में अलगाववादी सिखों की उपस्थिति चिंताजनक



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पाकिस्तान में अमेरिका, इंग्लैंड और कनाडा जैसे कई देशों से पहुंचे अलगाववादियों और खालिस्तानी तत्वों की मौजूदगी तथा भारत से करतारपुर जाने वाले श्रद्धालुओं से उनकी संभावित मुलाकात भारत के लिए चिंता का विषय है। खुफिया एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) जैसे सिख कट्टरपंथी संगठनों की उनके विभाजनकारी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए करतारपुर कॉरिडोर का उपयोग करने की योजना है।

एसएफजे को विध्वंसक गतिविधियां अंजाम देने में पंजाब के स्थानीय आतंकवादियों को धन और जरूरी सामान मुहैया कराने में पाकिस्तानी आकाओं का समर्थन प्राप्त है। भारत ने इस पर चिंता जताई है कि पाकिस्तान में कई गुरुद्वारों का इस्तेमाल खालिस्तान-समर्थक विचारों को बढ़ावा देने में किया जा रहा है और कथित सिख रेफरेंडम 2020 से संबंधित पैंपलेट्स के वितरित किए जाने से संबंधित जानकारी साझा की है।

एसएफजे के प्रमुख अवतार सिंह पन्नू और गुरपटवंत सिंह पन्नू हैं, जो पृथक खालिस्तान राज्य की मांग करते हैं। पाकिस्तान द्वारा खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (केएलएफ), बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई), खालिस्तान कमांडो फोर्स (केजेडएफ) और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन (आईएसवाईएफ) जैसे अन्य प्रतिबंधित संगठनों को पुनर्जीवित किए जाने को लेकर भारत चिंतित है। जम्मू एवं कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को पांच अगस्त को खत्म किए जाने के बाद पाकिस्तान के कुछ आतंकवादी संगठन भारत में हथियारों की तस्करी में संलिप्त पाए गए। खुफिया एजेंसियां पाकिस्तान से ड्रोन्स के माध्यम से हथियार भारत भेजे जाने से भी चिंतित हैं। भारत-पाकिस्तान सीमा पर पाकिस्तान से हथियार तस्करी कर लाने वाले दो ड्रोन्स हाल ही में पकड़े गए थे।

आतंकवादी हाफिज सईद के सहयोगी और कुख्यात अलगाववादी गोपाल सिंह चावला के करतारपुर साहिब कॉरिडोर की 10 सदस्यीय समिति का सदस्य बनाए जाने पर भी भारत ने पाकिस्तान के समक्ष अपनी चिंता जाहिर की है। एक नवंबर को जारी करतारपुर पर पाकिस्तान के आधिकारिक वीडियो में जरनैल सिंह भिंडरांवाले समेत खालिस्तानी आतंकवादी और भारत-विरोधी तत्व दिखे थे।